समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# ‘भारत के 7 राज्यों को हड़प लेगें’, भारत के पड़ोसी देश को भड़काऊ बयान पड़ेगा भारी ; BCCI ले सकता है ‘स्ट्रिक्ट’ एक्शन।

Publisher Published on 02 May 2025




**BCCI पहले ही पाकिस्तान के साथ कोई द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज खेलने से इनकार कर चुका है. अब भारत के एक अन्य पड़ोसी देश पर भी गाज गिर सकती है.**

बॉर्डर पर चल रही तनातनी के कारण भारत और पाकिस्तान आमने-सामने हैं और अब इस मामले में बांग्लादेश भी कूद पड़ा है. बिगड़ते राजनीतिक संबंधों का क्रिकेट शेड्यूल पर गहरा असर पड़ सकता है. इसी साल अगस्त में भारतीय क्रिकेट टीम को बांग्लादेश का दौरा करना है, जहां दोनों टीमों के बीच 3 वनडे और 3 टी20 मैच खेले जाएंगे, लेकिन अब एक मीडिया रिपोर्ट अनुसार भारत का बांग्लादेश दौरा रद्द किया जा सकता है.

टाइम्स ऑफ इंडिया के हवाले से एक सूत्र ने बताया कि टीम इंडिया का बांग्लादेश दौरा अब भी शेड्यूल का हिस्सा है, लेकिन अभी तक कुछ स्पष्ट कह पाना मुश्किल है. मौजूदा हालातों को देखते हुए बहुत अधिक संभावनाएं हैं कि टीम इंडिया 3 ODI और 3 टी20 मैचों के लिए बांग्लादेश का दौरा नहीं करेगी.

भारत-बांग्लादेश भी आमने-सामने
बांग्लादेश के एक रिटायर्ड ऑफिसर ने विवादित बयान देकर भारत-बांग्लादेश के संबंधों में दरार पैदा करने का प्रयास किया था. इस ऑफिसर का नाम एएलएम फजलूर रहमान है, जिन्होंने ना केवल चीन के साथ जाने की बात कही बल्कि यह भी कहा कि भारत अगर पाकिस्तान पर हमला करता है तो बांग्लादेश को मौके का फायदा उठाकर भारत के ‘7 सिस्टर्स’ कहे जाने वाले राज्यों को अपने साथ जोड़ने की कोशिश करनी चाहिए.

अब तक इस मामले पर कोई फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन तीखी बयानबाजी के कारण टीम इंडिया का बांग्लादेशी दौरा रद्द होना

पूरी तरह संभव लग रहा है.

एशिया कप पर भी लटकी तलवार

पहलगाम आतंकी हमले के बाद एशिया कप 2025 के आयोजन पर भी तलवार लटकी है. इस घटना के बाद भारत सरकार ने कई कड़े फैसले लिए हैं, जिसके बाद कुछ पड़ोसी देशों के साथ टीम इंडिया शायद कोई क्रिकेट मैच खेलती ना दिखे. एशिया कप का आयोजन इसी साल सितंबर महीने में होना है और अभी तक टूर्नामेंट की मेजबानी किसी देश को नहीं सौंपी गई है. चूंकि फिलहाल भारत-पाकिस्तान मैच संभव नहीं है, ऐसे में एशिया कप 2025 टूर्नामेंट को स्थगित भी किया जा सकता है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.